# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार समाप्त। बूथों के लिए प्रस्थान करने लगीं पोलिंग पार्टियां। कल प्रदेश के 14 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा मतदान।
- सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभाएं।
- प्रदेशभर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व।
- राज्य के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का क्रम जारी। अगले चार दिनों के दौरान बुन्देलखंड और पश्चिमी जिलों में लू चलने तथा पूर्वांचल में हल्की बारिश की संभावना।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार कल शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इस चरण में उत्तर प्रदेश सहित आठ राज्यों के 58 निर्वाचन क्षेत्रों में कल मतदान होगा। इस चरण में प्रदेश की जिन सीटों के लिये वोट डाले जायेंगे उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर शामिल हैं। आज संबंधित जिला मुख्यालयों से बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होने लगी हैं।

इन सभी सीटों पर प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इस चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भविष्य का फैसला होगा, उनमें सुल्तानपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी, प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश के पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव और मौजूदा भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ शामिल हैं।

वहीं जौनपुर सीट से भाजपा ने इस बार महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह पर दाव लगाया है। श्री सिंह जौनपुर के मूल निवासी है। उधर सपा ने राज्य के पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को चुनावी समर में उतारा है। बसपा ने एक बार फिर श्यामदेव सिंह यादव पर अपना भरोसा जताया है।

पिछले चुनाव में इन 14 सीटों में से दस सीटें भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की थीं, जबकि सपा–बसपा गठबंधन ने चार सीटों पर विजय दर्ज की थी।

**********

प्रदेश में छठे चरण का प्रचार थमने से पहले कल प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं कीं। वहीं सातवें और आखिरी चरण की लोकसभा सीटों के लिए भी जनसभाए व रैलियां हुई।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अम्बेडकर नगर और सिद्धार्थनगर में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि चुनाव बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष देशवासियों को गुमराह कर रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग को मिलने वाला आरक्षण कोई नहीं समाप्त कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर मज़हब के आधार पर मिलने वाला आरक्षण जरूर समाप्त किया जायेगा। वहीं रक्षामंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने लालगंज में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि भाजपा इस बार प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय पताका लहरायेगी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में आतंकवाद और नक्सलवाद पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और केन्द्र सरकार की नीतियों से अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है।

उधर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतापगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की सभाओं में उमड़ रहा जनसैलाब देश में होने वाले राजनैतिक बदलाव का संकेत है। श्री यादव ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर तीस लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जायेगी, ताकि शिक्षित युवाओं को रोजगार मिल सके।

वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने मिर्जापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की तरह ही जातिवादी, पूंजीवादी और गलत नीतियों के कारण अब भाजपा भी केंद्र में सत्तासीन नहीं हो पायेगी। सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार का अच्छे दिन लाने का वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। प्रचार के क्रम में आज भी विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं की जनसभाए होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कुशीनगर और बलिया तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव और गोरखपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाए करेगें। इसी तरह समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव देवरिया और गोरखपुर में जनसभा को संबोधित करेगें। गोरखपुर में आयोजित जनसभा में अखिलेश के साथ कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों के परिचय की श्रृंखला में वाराणसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पर एक नज़र।

***राज्य की महत्वपूर्ण और चर्चित वाराणसी संसदीय सीट 2014 में यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित होने बाद से न सिर्फ लगातार चर्चा में है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बिंदु बनी हुई है। इस संसदीय क्षेत्र से 1952 से अब तक 17 लोकसभा***

***चुनावों में सात बार कांग्रेस और सात बार भारतीय जनता पार्टी ने विजय पताका लहराई है। इस सीट से सपा और बसपा अभी तक अपना खाता नहीं खोल सकी है। पिछले दो संसदीय चुनाव में इस सीट से नरेंद्र मोदी लगातार जीत रहे हैं। नरेंद्र मोदी एक बार फिर बतौर भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव समर में अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय और बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार अतहर जमाल लारी चुनाव लड़ रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के जीत के लिए प्रचार तेज़ कर दिया है। इस निर्वाचन क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें– रोहनिया, वाराणसी उत्तर, वाराणसी दक्षिण, वाराणसी कैंट और सेवापुरी शामिल हैं। वाराणसी लोकसभा सीट के 19 लाख 39 हजार 255 मतदाता एक जून को सात प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

प्रदेशभर में कल श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ बुद्ध पूर्णिमा मनाई गयी। बुद्ध पूर्णिमा का दिन बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह–जगह विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में पर्व का विशेष उल्लास दिखायी पड़ा।

भगवान बुद्ध के पहले उपदेश स्थल सारनाथ में महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया के बौध परिसर में उनके पवित्र अस्थि अवशेष का दर्शन करने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान विभिन्न जगहों से आये श्रद्धालुओं ने पवित्र बोध वृक्ष की परिक्रमा भी की।

वैशाख माह में पूर्णिमा तिथि का सनातन हिन्दू धर्म में ख़ास महत्व है। इस अवसर पर काशी के दशाश्वमेघ सहित प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने तड़के पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दान पुण्य किया।

**********

परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे एक करोड़ बानबे लाख विद्यार्थी अब हर दिन सात मिनट तक ध्यान भी लगाएगें ताकि वह एकाग्रता के साथ बिना तनात लिए पढ़ाई कर सकें। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से वर्ष 2024–25 की शैक्षिक कैलेंडर में इसे शामिल किया गया है। विद्यार्थी स्कूल में पन्द्रह मिनट की प्रार्थना सभा में प्रेरक गीत व राष्ट्रगान के बाद ध्यान लगाएगें।

**********

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में लू और भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है तो वहीं कुछ जिलों में कल हुई हल्की बारिश से तापमान थोड़ा नीचे गिर गया जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

लू और गर्मी का यह क्रम बुन्देलखंड के झांसी, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर, जालौन, बांदा और चित्रकूट सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिये प्रदेश के पश्चिमी जिलों के लिये रेड अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच पूर्वांचल के कुछ क्षेत्रों में तेज़ हवाओं और गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी और हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है।

**********